SCPASS मूल्यांकन: माता-पिता और विद्यार्थियोंके लिए विवरण पुस्तिका

अवलोकन

- साउथ कैरोलिना पाल्मेटो असेस्मेंट ऑफ़ स्टेट स्टैंडर्ड्स (SCPASS) विज्ञान में एक राज्यव्यापी मूल्यांकन है।
- विज्ञान का यह टेस्ट ग्रेड 4 और 6 के विद्यार्थियों को दिया जाता है।
- असमर्थताओं वाले विद्यार्थियोंऔर बहुभाषी शिक्षार्थियों (ML) सहित, इन ग्रेड्स के सभी विद्यार्थियोंके लिए ये मूल्यांकन किए जाने चाहिए, केवल उन विद्यार्थियोंको छोड़कर जो अपनी IEP टीम द्वारा निर्धारित साउथ कैरोलिना ऑल्टर्नेट असेस्मेंट (SC-Alt) के लिए योग्य हैं।
- SCPASS टेस्ट्स, विज्ञान की कक्षाओं में पढ़ाए जाने वाले साउथ कैरोलिना के शैक्षणिक मानकों का आकलन करते हैं। ये विज्ञान के मानक SCDE की वेबसाइट पर दिए गए हैं: https://ed.sc.gov/instruction/standards-learning/science/standards/

टेस्टिंग विंडो

- **SCPASS स्कूल के अंतिम बीस दिनों के दौरान किया जाना चाहिए** जैसा कि प्रत्येक ज़िले के शिक्षण कैलेंडर द्वारा निर्धारित किया जाता है। ज़िले और स्कूल, टेस्ट के लिए विशिष्ट तारीख़ें निर्धारित करेंगे।

टेस्ट का फ़ॉर्मैट

- SCPASS मूल्यांकन केवल एक कंप्यूटर-आधारित फ़ॉर्मैट में किए जाएंगे, जिसमें ये अपवाद शामिल हैं:
  - जो विद्यार्थी अपनी असमर्थताओं के कारण ऑनलाइन मूल्यांकन में उपस्थित नहीं हो सकते, जैसा कि उनके IEP या 504 योजनाओं में निर्दिष्ट किया गया है, कागज़-आधारित फ़ॉर्मैट में उनका टेस्ट लिया जा सकता है।
  - स्टेट बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन से छूट प्राप्त करने वाले ज़िले कागज़-आधारित फ़ॉर्मैट में टेस्ट ले सकते हैं।
- इन टेस्ट्स की कोई **समय-सीमा नहीं** है।

टेस्ट के सवालों के प्रकार

- विज्ञान के टेस्ट्स में कठिनाई के अलग-अलग स्तरों वाले सवाल होते हैं।
- इन टेस्ट्स में विभिन्न प्रकार के सवाल शामिल हो सकते हैं, जैसे कि मल्टीपल-चॉइस, मल्टी-सिलेक्ट, और टेक्नोलॉजी से जुड़े सवाल, जैसे कि ड्रैग और ड्रॉप, हॉट स्पॉट, और ड्रॉप-डाउन सूची आइटम्स।

अनुवाद/सुलभता

- माता-पिता के लिए संसाधन, जैसे कि यह ब्रोशर, नमूना स्कोर रिपोर्ट्स, और प्रदर्शन स्तर वर्णनकर्ता, अनेक भाषाओं में और 1973 के रीहैबिलिटेशन ऐक्ट (संशोधित) के सेक्शन 508 के अनुरूप सुलभ फ़ॉर्मैट में उपलब्ध हैं। अनुवाद, बड़े प्रिंट में दस्तावेज़ों, और वैकल्पिक फ़ॉर्मैट्स काअनुरोध करने के लिए विद्यार्थीऔर माता-पिता केसंसाधन वेबपेज पर जाएं: https://ed.sc.gov/tests/assessment-information/student-and-parent-resources/

SOUTH CAROLINA STATE DEPARTMENT OF EDUCATION

DATA RECOGNITION DRC CORPORATION

नमूना आइटम्स

विज्ञान–ग्रेड 4

यह ग्राफ़ 2002 और 2010 के बीच साउथ कैरोलिना में जंगली सूअरों की अनुमानित संख्या दिखाता है।



इस डेटा द्वारा कौन सी जानकारी **सबसे अच्छे ढंग से** समर्थित है?

A. 2008 और 2009 के बीच जंगली सूअरों की संख्या में वृद्धि हुई थी।
B. 2002 की तुलना में 2010 में साउथ कैरोलिना में जंगली सूअर ज़्यादा थे।
C. 2005 और 2008 के बीच जंगली सूअरों की संख्या कम हुई थी।
D. 2008 की तुलना में 2007 में साउथ कैरोलिना में ज़्यादा लोगों के पास जंगली सूअर थे।

कुंजी = B

विज्ञान–ग्रेड 6

कथनों की कौन सी जोड़ी **सबसे अच्छे ढंग से** वातावरण-संबंधी उत्तेजना और सर्दी से बचने के लिए भालू की प्रतिक्रिया का ब्यौरा देती है?

A. वातावरण-संबंधी उत्तेजना: भालू को आभास होता है कि भोजन कम होता जा रहा है।
प्रतिक्रिया: भालू कम भोजन खाता है, और उसकी हृदय गति बढ़ जाती है।
B. वातावरण-संबंधी उत्तेजना: दिन छोटे होते जा रहे हैं।
प्रतिक्रिया: भालू ज़्यादा भोजन खाता है, और उसकी हृदय गति कम हो जाती है।
C. वातावरण-संबंधी उत्तेजना: भालू भूखा है।
प्रतिक्रिया: भालू ज़्यादा भोजन खाता है, और उसकी हृदय गति बढ़ जाती है।
D. वातावरण-संबंधी उत्तेजना: दिन बड़े होते जा रहे हैं।
प्रतिक्रिया: भालू कम भोजन खाता है, और उसकी हृदय गति कम हो जाती है।

कुंजी = B

नमूना सवाल, ट्यूटोरियल, और ऑनलाइन टूल्स ट्रेनिंग (OTT)

- SCPASS वेबपेज (http://ed.sc.gov/tests/middle/scpass/) अभ्यास, तैयारी और संदर्भ संसाधन प्रदान करता है जिनमें शामिल हैं:
  - ऑनलाइन टेस्टिंग वीडियो ट्यूटोरियल्स, ऑनलाइन टेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करने के तरीके के बारे में चरण-दर-चरण निर्देश प्रदान करते हैं। स्कूलों को टेस्टिंग से पहले विद्यार्थियोंके साथ इन ट्यूटोरियल्स की समीक्षा करनी चाहिए।
  - विद्यार्थियोंके लिए ऑनलाइन टूल्स ट्रेनिंग (OTT): यह ऑनलाइन मॉड्यूल SCPASS टेस्टिंग सिस्टम को सिम्युलेट करता है और विद्यार्थीइसके साथ टेस्टिंग सॉफ़्टवेयर और टेस्टिंग के दौरान उपलब्ध सभी टूल्स, जैसे कि हाइलाइटर, मैग्निफ़ायर और कैलकुलेटर इस्तेमाल करने का अभ्यास कर सकते हैं। OTT और SCPASS के लिए ऑनलाइन टेस्टिंग वीडियो ट्यूटोरियल इस वेबसाइट परदेखे जा सकते हैं (Google Chrome का उपयोग करके): https://wbte.drcedirect.com/SC/portals/sc
  - पिछले सालों के SCPASS विज्ञान के नमूना सवाल।

टेस्ट के नतीजे

- ज़िलों को 8 जुलाई तक विद्यार्थियों केस्कोर रिपोर्ट्स की इलेक्ट्रॉनिक प्रतिलिपियाँ प्राप्त होंगी। ज़िलों को 1 अगस्त तक, माता-पिता को वितरित करने के लिए कागज़ी प्रतिलिपियाँ प्राप्त होंगी।
- SCPASS टेस्ट के नतीजों में स्केल स्कोर्स, प्रदर्शन के स्तर, और रिपोर्टिंग श्रेणी के अनुसार प्रदर्शन शामिल हैं।
- विज्ञान के लिए संपूर्ण प्रदर्शन स्तर हैं: अपेक्षाओं से अधिक है, अपेक्षाओं को पूरा करता है, अपेक्षाओं के करीब है, और अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता।